

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF) | BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS) | शिक्षक (Ist ग्रेड) | REET (I, II Level)

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 14 December 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 14 दिसंबर का इतिहास

- **1921 :** एनी बेसेन्ट को बनारस हिंदु विश्वविद्यालय ने डॉक्टर ऑफ लेटर्स की उपाधि से विभूषित किया।
- **1983 :** जनरल हुसैन मोहम्मद इरशाद ने खुद को बांग्लादेश का राष्ट्रपति घोषित किया।
- **1997 :** ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में कटौती के लिए विश्व के सभी देश सहमत हुए।
- **2007 :** बाली समझौते के प्रारूप से विवादित प्रावधान अलग किये गए।

## 14 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था 2017-18 में 200 अरब डॉलर से बढ़कर 2025 तक 1 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी। भारत में एक अरब से अधिक मोबाइल फोन और 700 मिलियन से अधिक इंटरनेट ग्राहक है। भारत ने डिजिटल कॉमर्स, डिजिटल मनोरंजन और सोशल मीडिया के उपयोग में जबरदस्त वृद्धि देखी है। वर्तमान में भारत में डेटा केंद्रों के लिए लगभग 499 मेगावाट स्थापित बिजली क्षमता है, जिसके 2023 तक 1007 मेगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है।
- कनाडा के मांट्रियल शहर में लगभग दो सप्ताह चलने वाला जैव विविधता पर सम्मेलन शुरू हुआ। सम्मेलन में भारत सहित 196 देशों के करीब 20 हजार प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे है। प्रतिभागियों में मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, पर्यावरण विशेषज्ञ और संगठनों के पदाधिकारी शामिल है। सम्मेलन में प्रकृति को हो रहे नुकसान को रोकने हेतु कार्य योजना बनाने पर विचार होगा। इस कार्ययोजना को 2030 तक पूरा करने के लिए समझौता होगा।
- भारत सरकार ने 21 ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की स्थापना के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय में राज्य मंत्री जनरल बी.के. सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। इनमें से 9 ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे परिचालन में आ चुके है।
- केंद्र सरकार ने टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को बी20 इंडिया का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उद्योग संगठन सीआईआई ने यह बताया। भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान चंद्रशेखरन बिजनेस एजेंडा की अगुवाई करेंगे। भारत सरकार ने बी20 इंडिया प्रक्रियाओं की अगुवाई के लिए सीआईआई को बी20 भारत सचिवालय नियुक्त किया है।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और सोशल अल्फा ने स्पेसटेक इनोवेशन नेटवर्क लॉन्च करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह अंतरिक्ष उद्योग में स्टार्ट-अप और एसएमई के लिए अपनी तरह का एक सार्वजनिक-निजी सहयोग है। यह भारत की हालिया अंतरिक्ष सुधार नीतियों को और प्रोत्साहन प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- फिनटेक कंपनी स्पाइस मनी ने निजी क्षेत्र की बैंक ऐक्सिस बैंक के साथ करार किया है। इस करार के तहत ग्रामीण नागरिकों के लिए अपने अधिकारी नेटवर्क के जरिए तत्काल जीरो बैलेंस बचत और चालू खाता खोलने की सुविधा मुहैया कराएगी। इस करार के तहत स्पाइस मनी का लक्ष्य शहरी और ग्रामीण इलाकों के बीच वित्तीय समावेशन के मौजूदा अंतर को कम या खत्म करना है। ग्रामीण जनता को उसके द्वार पर सभी जरूरी बैंकिंग सुविधाएं इस करार के तहत पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।
- संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन ने रोम, इटली में अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष 2023 के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। भारत मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देगा। इसके साथ ही पौष्टिक माने जाने वाले मोटे अनाजों के सेवन को बढ़ावा देने के लिए अभियान भी चलाएगा।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण के साथ एक मुद्रा अदला-बदली समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते से मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण, आरबीआई से अधिकतम 200 मिलियन डॉलर तक की राशि किस्तों में निकाल सकता है। यह समझौता अल्पकालिक विदेशी मुद्रा लिक्विडिटी आवश्यकताओं के लिए वित्त पोषण की बैकस्टॉप लाइन के रूप में स्वैप समर्थन प्रदान करेगा।
- मेघना अहलावत को टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया का अध्यक्ष चुना गया। मेघना अहलावत इसकी पहली महिला अध्यक्ष चुनी गई है। आठ बार के राष्ट्रीय चैंपियन कमलेश मेहता ने टीटीएफआई के नए महासचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया और पटेल नागेंद्र रेड्डी को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया है।
- केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने पहली स्वदेशी टीबी परीक्षण किट को मंजूरी दी है। तपेदिक का पता लगाने के लिए पुणे स्थित मायलैब की परीक्षण किट टीबी निदान के लिए अनुमोदित होने वाली भारत में निर्मित पहली परीक्षण किट बन गई है। यह एक साथ रिफैम्पिसिन और आइसोनियाजिड के लिए दवा प्रतिरोध का पता लगाता है। वे टीबी उपचार में दो सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली दवाएं है। भारत वर्तमान में आयातित परीक्षण किट का उपयोग करता है।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 14 दिसंबर (B) 15 दिसंबर
(C) 16 दिसंबर (D) 17 दिसंबर

**(A)** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस हर साल 14 दिसंबर को मनाया जाता है। भारत में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम वर्ष 2001 में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा निष्पादित किया गया। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो एक संवैधानिक निकाय है जो भारत सरकार के अंतर्गत आता है और ऊर्जा का उपयोग कम करने के लिए नीतियों और रणनीतियों के विकास में मदद करता है।




**2. हाल ही में एडीबी ने भारत में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कितने मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण को मंजूदी दी ?**

(A) 200 मिलियन डॉलर (B) 220 मिलियन डॉलर
(C) 250 मिलियन डॉलर (D) 325 मिलियन डॉलर

**(C)** एडीबी का 250 मिलियन अमरीकी डॉलर का नीति आधारित ऋण भारत के लॉजिटिक्स बुनियादी ढांचे को मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए परियोजनाओं का समर्थन करेगा। यह दक्षता में सुधार करने और भारत में लॉजिटिक्स की लागत को कम करने में भी मदद करेगा। यह मल्टीमॉडल और इंटीग्रेटेड लॉजिटिक्स इकोसिस्टम प्रोग्राम को मजबूत करने के लिए ऋण उप-कार्यक्रम को वितपोषित करेगा।



**3. भारत के पहले ड्रोन प्रशिक्षण सम्मेलन का उद्घाटन किसने किया ?**

(A) अमित शाह (B) अनुराग ठाकुर
(C) राजनाथ सिंह (D) धर्मेंद्र प्रधान

**(B)** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने चेन्नई में देश के पहले ड्रोन स्किलिंग एंड ट्रेनिंग वर्चुअल ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया। इसके अलावा अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत ड्रोन प्रौद्योगिकी का केंद्र बन जाएगा और देश को अगले साल तक कम से कम एक लाख ड्रोन पायलटों की आवश्यकता होगी।

**4. UPI पर क्रेडिट को सपोर्ट करने वाला भारत का पहला पेमेंट गेटवे कौनसा है ?**

(A) रेजर पे (B) पेटीएम
(C) फोन भुगतान (D) गूगल पे

**(A)** यूपीआई क्रेडिट को सपोर्ट करने वाला भारत का पहला पेमेंट गेटवे रेजर पे है। इस कदम का उद्देश्य डिजिटल भुगतान को और मजबूत करना और भारत की क्रेडिट भागीदारी को बढ़ावा देना है। रेजर पे ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस पर क्रेडिट कार्ड लेनदेन का समर्थन करने की अपनी तत्परता की घोषणा की है।

Razorpay



**5. हाल ही में भारतीय मूल की विज्ञान शिक्षका वीना नायर को माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान शिक्षण में उत्कृष्टता के लिए वर्ष 2022 का प्रधानमंत्री पुरस्कार किस देश में मिला ?**

(A) ऑस्ट्रेलिया (B) अमेरिका
(C) जापान (D) भारत

**(A)** ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल की विज्ञान शिक्षका वीना नायर को माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान शिक्षण में उत्कृष्टता के लिए वर्ष 2022 का प्रधानमंत्री पुरस्कार किस देश में मिला है। मेलबर्न स्थित वीना नायर, जो व्यूबैंक कॉलेज की प्रौद्योगिकी प्रमुख और स्ट्रीम प्रोजेक्ट लीडर हैं, को छोत्रों के लिए स्ट्रीम के व्यावहारिक अनुप्रयोग का प्रदर्शन करने और दुनिया में वास्तविक प्रभान बनाने के लिए वे अपने कौशल का उपयोग कैसे कर सकते है, के लिए सम्मानित किया गया है।

**6. हाल ही में किस संगठन ने भारत के शीतलन क्षेत्र में जलवायु निवेश के अवसर पर रिपोर्ट जारी की ?**

(A) विश्व बैंक (B) यूनेस्को

(C) नीति आयोग (D) विश्व आर्थिक मंच

**(A)** हाल ही में विश्व बैंक संगठन ने भारत के शीतलन क्षेत्र में जलवायु निवेश के अवसर पर रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत जल्द ही दुनिया में उन पहले स्थानों में से एक बन सकता है जहां गर्म हवाएं मानव के जीवित रहने की सीमा को पार कर सकती है।




**7. हाल ही में वन्य जीवन संशोधन विधेयक 2022 को मंजूरी किसने दी ?**

(A) लोकसभा (B) विधानसभा

(C) राज्यसभा (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** वन्य जीवन संशोधन विधेयक 2022 को राज्यसभा ने वॉयस वोट से पारित कर दिया। यह लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण को मजबूत करेगा और अवैध वन्यजीव व्यापार के लिए सजा भी बढ़ाएगा। विधेयक में संरक्षित क्षेत्रों के बेहतर प्रबंधन और वन्य जीवन अधिनियम 1972 के तहत अनुसूचियों को युक्तिसंगत बनाने का प्रावधान है।




**8. हाल ही में किस राज्य सरकार ने नौकरियों के लिए नया AI आधारित कौशल पोर्टल तैयार किया है ?**

(A) केरल (B) तमिलनाडु

(C) कर्नाटक (D) महाराष्ट्र

**(D)** कर्नाटक राज्य सरकार ने एक AI आधारित पोर्टल शुरू किया है जो उम्मीदवारों को नौकरी खोजने में मदद करने के लिए एंड टू एंड सेवाएं प्रदान करने का वादा करता है। बोम्मई प्रशासन के लिए विधानसभा चुनाव से पहले एक प्रमुख क्षेत्र जिसने एक समर्पित रोजगार नीति भी पेश की है।




**9. कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन का प्रयोग किससे संबंधित है ?**

(A) दूरसंचार (B) अंतरिक्ष अन्वेषण

(C) समुद्र विज्ञान (D) चेहरा पहचान प्रौद्योगिकी

**(A)** हाल ही में भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन पर एक परामर्श पत्र जारी किया। कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन कॉल किए गए व्यक्ति को कॉलिंग पार्टी के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। यह यूजर्स को कॉल करने व्यक्ति का नाम स्पष्ट कर उसे सहूलियत प्रदान करेगा।




**10. हाल ही में आर्टन कैपिटल द्वारा प्रकाशित 2022 में वर्ल्ड स्ट्रोंगेस्ट पासपोर्ट सूची में भारत की रैंक क्या है ?**

(A) 77 (B) 83

(C) 87 (D) 89

**(C)** हाल ही में आर्टन कैपिटल द्वारा प्रकाशित 2022 के लिए दुनिया की सबसे स्ट्रोंग पासपोर्ट सूची में भारत को 87वां स्थान दिया गया है। जबकि हाल ही में सार्वजनिक किए गए पासपोर्ट की रेटिंग में यूएई पहले स्थान पर है। यह दुनिया के सबसे मजबूत और कमजोर पासपोर्ट की रैंकिंग है।

